हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 दुर्घटना-संभावित और जानलेवा स्थानों पर...



07 सड़क पर सुरक्षित चलें, नियमों व संकेतों का...



## खबर संक्षेप में

### जनशिकायतों के निराकरण हेतु लगेंगे शिविर

**नलखेड़ा।** सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर, 2025 जिले में 19 से 25 दिसंबर तक मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं उन सेवाओं को अंतिम छोर तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना जन शिकायत का समय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्रशासनिक कार्य प्रणाली में पारदर्शिता उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता को सुदृढ़ करना तथा शासन एवं नागरिकों के मध्य विश्वास एवं सहभागिता को बढ़ावा देना है। सुशासन सप्ताह के दौरान तहसील मुख्यालय जनपद पंचायत ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिवराजित किए जाएंगे शिविरों में जन शिकायतों का मौके पर पंजीयन एवं यथासंभव निराकरण किया जाएगा। 23 दिसंबर को जिला स्तर पर सुशासन पर आधारित परिचर्चा था कार्यशालक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट 100 विषय पर विचार विमर्श, गत पांच वर्ष में जिले में क्रियान्वित तीन प्रमुख सुशासन पहल एवं प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर प्रीति यादव ने सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर का आयोजन जिले में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### केन्द्रों पर लगेंगे शिविर

**नलखेड़ा।** शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों में राहत प्रदान करने हेतु संचालित समाधान योजना में जिले के वितरण केन्द्रों पर शिविर लगेंगे। जिनमें 3 माह से अधिक घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू है, इसमें बिल भुगतान करने पर अधिभार में छुट प्रदान की जाएगी। अधीक्षण यंत्री, म.प्र.प.क्षे.वि.वि. कम्पनी ने बताया कि वितरण केन्द्र सोयत और सुसनेर पर 20 दिसम्बर को समाधान शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह वितरण केन्द्र नलखेड़ा शहर और ग्रामीण पर 23 दिसम्बर को, वितरण केन्द्र जयसिंहपुरा और बड़ौद पर 24 दिसम्बर को, वितरण केन्द्र तनोड़िया और कानड़ पर 25 दिसम्बर को, वितरण केन्द्र मोड़ी, आगर शहर और ग्रामीण पर 26 दिसम्बर को शिविर आयोजित किया जाएगा।

### रिसाइक्लिंग रोकने के लिए उठाया सख्त कदम, अब कैमरे में दर्ज हो रहा हर किसान का चेहरा व ट्रैक्टर ट्रॉली का नंबर

# भावांतर में फर्जीवाड़े पर 'तीसरी आंख' का पहरा जिले की मंडियों में किसानों की वीडियोग्राफी

जिले में 3 लाख 40 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी की गई है। भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए 66 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण भावांतर भुगतान योजना में सेंध लगाने वाले गिरोह और कागजी किसानों पर अब जिला प्रशासन ने डिजिटल पहरा लगा दिया है। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशों के बाद जिले की कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन बेचने आ रहे हर किसान और उसकी उपज की वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दी गई है। जिला मुख्यालय स्थित मंडी में हरिभूमि की पड़ताल के दौरान यह हकीकत सामने आई कि अब किसान को अपनी उपज बेचने के लिए केवल कागजात ही नहीं, बल्कि कैमरे के सामने स्वयं को भी साबित करना पड़ेगा।

बता दें जिले में भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए बिचौलियों ने एक नया तरीका इजाद किया था जिसे 'रिसाइक्लिंग' कहा जाता है। इसमें कम दाम पर खरीदे गए पुराने सोयाबीन को फर्जी तरीके से किसी किसान के नाम पर दोबारा मंडी ले आते थे। जिसके पीछे उद्देश्य था सरकार से मिलने वाली भावांतर राशि और बाजार मूल्य का अंतर को हड़पना।



**सीहोर।** भावांतरण योजना का लाभ लेने वाले किसानो की कराई जा रही वीडियोग्राफी।

### 27 करोड़ का हो चुका भुगतान

बता दें जिले में कुल 3 लाख 40 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी की गई है। भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए 66 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि अब तक 40 हजार किसान अपनी उपज भावांतर के तहत मंडियों में ला चुके हैं। इनमें से 24 हजार किसानों को भावांतर की राशि मिल चुकी है। जिले के किसानों के बैंक खातों में अब तक 27 करोड़ रुपए की भावांतर राशि भेजी जा चुकी है।

### 15 जनवरी आखिरी तारीख

कलेक्टर ने केवल मंडियों तक ही सख्ती सीमित नहीं रखी है, बल्कि नोडल अधिकारियों को व्यापारियों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए हैं। यदि किसी मंडी में आवक अचानक से अनुमान से ज्यादा बढ़ती है तो वहां की जांच की जाएगी। बता दें भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने की अंतिम तारीख 15 जनवरी है। इसके बाद खरीदी बंद हो जाएगी, इसलिए प्रशासन शेष 26 हजार किसानों की खरीदी के लिए प्रयासरत है।

#### वीडियोग्राफी ने बिगाड़ा खेल

हालांकि मंडियों में कराई जा रही वीडियोग्राफी ने फर्जीवाड़े का खेल बिगाड़ कर रख दिया है। वीडियोग्राफी के पीछे जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आने वाला व्यक्ति वास्तव में किसान है या कोई ओर, यह कैमरे में कैद हो रहा है। कई बार किसान के ऋण पुस्तिका और आधार का उपयोग कर व्यापारी माल खपा देते थे, अब चेहरा रिकॉर्ड होने से यह खेल बंद होगा। मंडी में आए वाहनों की संख्या व पोर्टल पर दर्ज डेटा का मिलान अब वीडियो साक्ष्यों से किया जाएगा।

#### वीडियोग्राफी कराई जा रही है...

भावांतर योजना का लाभ केवल वास्तविक किसान को मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। वीडियोग्राफी और स्टॉक वेरिफिकेशन से वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा। किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**नरेंद्र कुमार माहेश्वरी,** सचिव कृषि मंडी समिति सीहोर

# जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले में वर्तमान में उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। किसानों की मांग को देखते हुए जिले में सभी प्रमुख उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और किसानों को सरलता एवं सुगमता से उर्वरक प्रदान किया जा रहा है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में यूरिया उर्वरक प्राथमिक सहकारी संस्थाओं में 927 मैट्रिक टन, निजी विक्रेताओं के पास 192 मैट्रिक टन तथा मार्कफेड के आगर गोदाम में 200, सुसनेर गोदाम में 61 एवं नलखेड़ा गोदाम में 60 मैट्रिक टन, कुल 1440 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त डी.ए.पी. उर्वरक प्राथमिक सहकारी संस्थाओं में 175 मैट्रिक टन, निजी विक्रेताओं के पास 46 मैट्रिक टन एवं मार्कफेड गोदामों में 152 मैट्रिक टन, कुल 373 मैट्रिक टन उपलब्ध है। इसी प्रकार एन.पी.के.एस. (कॉम्पलेक्स उर्वरक) की उपलब्धता भी पर्याप्त है। प्राथमिक सहकारी संस्थाओं में 444 मैट्रिक टन, निजी विक्रेताओं के पास 574 मैट्रिक टन, एम.पी. एग्रो में 52 मैट्रिक टन तथा मार्कफेड गोदामों में 432 मैट्रिक टन, कुल 1502 मैट्रिक टन उर्वरक भण्डारित है। कृषि विभाग ने बताया कि इफको यूरिया उर्वरक की 2677 मैट्रिक टन की रेक 19 दिसंबर 2025 को शाजापुर रैक प्वाइंट पर लग रही है, जिससे जिले को लगभग 1100 मैट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया प्राप्त होगा। वितरण के आंकड़ों के अनुसार विगत वर्ष 2024-25 में 18 दिसंबर 2025 तक 21623 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था, जबकि वर्तमान वर्ष 2025-26 में अब तक 24451 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है।

### नेत्र व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

**नलखेड़ा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 17 विशाल नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का भव्य आयोजन पाटीदार धर्मशाला गुदरावन आज शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आनंदपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर आंखों की जांच कर मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों को आनंदपुर बस द्वारा भेजा जाएगा। जहां उन्हें रहना खाना चश्मा लेंस दवाई और पुनः ऑपरेशन के बाद पाटीदार धर्मशाला गुदरावन तक छोड़ जावेगा। यह शिविर स्वर्गीय कंचनबाई व स्वर्गीय नरसिंहलाल पाटीदार की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। जिन मरीजों को इस शिविर में अपने मोतियाबिंद का ऑपरेशन करना है वह अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लेकर 10 बजे तक पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में पहुंच जाए।

### यश तिलगोता अध्यक्ष हुए मनोनीत

# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप युवा यूनिक की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप की जनरल मीटिंग में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप युवा यूनिक की बैठक में यश लवीना तिलगोता को अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति भी सर्वसम्मति से की गई जिनमे चेयरमैन अर्पिता आदर्श मुनोत एवं आयुष दिव्या फाफरिया उपाध्यक्ष आयुषी शुभम रुनवाल एवं ख़ुशी अरिहंत फाफरिया सचिव गौरव आयुषी सकलेचा एवं आयुष भारती तातेड़ कोषाध्यक्ष अंकुर आयुषी तातेड़ सह सचिव सिद्धांत शैली बम एवं मयंक सुरभि तातेड़ तथा प्रचार सचिव विजेश पूनम जैन बनाये गए। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष का निर्वितमान अध्यक्ष द्वारा स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी गई।



# विद्यालय का किया शैक्षिक अवलोकन

### आवश्यक निर्देश भी दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत की योजना अनुसार स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज का शैक्षिक अवलोकन हुआ। अवलोकन हेतु प्राचार्य सीबीएसई विद्यालय मुखर्जी नगर देवास राजेश त्रिवेदी एवं प्राचार्य देवास सुरेश पंवार का विद्यालय में आगमन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य राजेश त्रिवेदी द्वारा भैया-बहिनों से सामूहिक चर्चा के माध्यम से आवश्यक एवं उपयोगी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अतिथियों ने कक्षाओं में जाकर भैया-बहिनों से शिक्षण संबंधी संवाद किया तथा शिक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान शिक्षण गुणवत्ता फेयर कॉपी के रखरखाव तथा गणित एवं विज्ञान विषयों को सरल एवं प्रभावी बनाने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए गए। अंतिम सत्र में आचार्य परिवार को मार्गदर्शन दिया गया जिसमें विशेष रूप से नई शिक्षा नीति का अध्ययन एवं उसकी शब्दावली को समझना शिक्षण का पाठ्य-योजना आधारित होना। भाषा ज्ञान की शुद्धता एवं प्रभावशीलता जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ईश्वर सोलंकी द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा यह आश्वासन दिया गया कि अतिथियों द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का पालन करते हुए विद्यालय में आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

### शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कहा शिक्षकों की तनख्वाह रोकना अन्याय पूर्ण और नियम के विरुद्ध

**सीहोर।** शिक्षकों में विभागीय कार्रवाही से कड़ा आक्रोश बना हुआ है। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बुधवार को विधायक सुदेश राय के प्रतिनिधि राजकुमार जायसवाल रिंकू को ज्ञापन देकर वेतन दिलाने की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर ने ई अटेंडेंस नहीं लगाने पर 1724 शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों को विधायक प्रतिनिधि जायसवाल ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर शिक्षकों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। शिक्षकों ने कहा कि तनख्वाह रोकना अन्याय पूर्ण और नियम के विरूद्ध है। गांव में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण 1724 शिक्षक ई अटेंडेंस नहीं लगा पाए है। जिले में शिक्षक एप के माध्यम से ई अटेंडेंस लगाने में अनेक तकनीकी परेशानियों का सामना शिक्षकों को सामना करना पड़ रहा है। कई गाँव में नेटवर्क की समस्या है। कई जगह शिक्षकों के स्कूल में होने के बाद भी लोकेशन कई किमी दूर बता रहा है। कई शिक्षको का प्रोफाईल फोटो से चेहरा मैच नहीं हो पा रहा है। सूचना देने के बाद भी विभाग अनेक समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहा है। शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त बीएलओ का अति महत्वपूर्ण कार्य भी सौंप दिया गया है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.के आदेश में ईअटेंडेंस के लिए वेतन रोकने का प्रावधान नहीं है। ज्ञापन देने वालों में विनोद उपाध्याय जिलाध्यक्ष म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ,संजय सक्सेना जिलाध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ, विश्वजीत त्यागी जिलाध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ,मुकेश कुशवाहा जिलाध्यक्ष शासकीय शिक्षक संघ,संचाई सिंह परिहार जिलाध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली संघ शामिल रहे।

### स्टॉक और डिजिटल रिकॉर्ड का किया गया मिलान

# सरिया-सीमेंट व्यापारी के यहां जीएसटी टीम का छापा, रिकार्ड की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय बिजली घर चौराहे पर स्थित प्रतिष्ठित सरिया एवं सीमेंट कारोबारी फर्म मै. खेमचंद मदनलाल मामाजी चूने वाले के यहां बुधवार दोपहर जीएसटी की टीम ने दबिश दी। भोपाल से आए करीब एक दर्जन अधिकारियों के बेड़े ने जैसे ही प्रतिष्ठान को घेरा पूरे व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम में महिला अधिकारी भी शामिल रहीं, जिन्होंने बारीकी से दस्तावेजों की जांच पड़ताल की।

बता दें बुधवार दोपहर में शुरू हुई इस कार्रवाई में टीम ने सबसे पहले प्रतिष्ठान के एंट्री और एग्जिट पॉइंट को अपने घेरे में लिया। सूत्रों के अनुसार जीएसटी विभाग को टैक्स संबंधी कुछ गंभीर अनियमितताओं और इनपुट टैक्स क्रेडिट में गड़बड़ी की आशंका थी। टीम ने दुकान पर मौजूद सरिया और सीमेंट के भारी-भरकम स्टॉक का मिलान खरीद-बिक्री रजिस्टर और कंप्यूटर डेटा से शुरू किया है। बिल, वाउचर और लेजर बुक की भी पड़ताल की जा रही है।





**बेटे को लेकर घर पहुंची टीम :** जीएसटी टीम की यह कार्रवाई केवल दुकान तक ही सीमित नहीं रही। टीम के कुछ सदस्य संचालक के बेटे को साथ लेकर उनके निवास और अन्य संभावित ठिकानों पर भी पहुंचे। सूत्रों का कहना है कि विभाग जांच पड़ताल से यह देखना चाहता था कि कहीं कच्चे बिलों या समानांतर रिकॉर्ड का खेल तो नहीं चल रहा है। शहर के मुख्य चौराहे पर हुई इस बड़ी कार्रवाई की खबर आग की तरह शहर में फैली। देखते ही देखते आसपास के कई व्यापारियों ने अपनी गतिविधियों को सतर्कता से संचालित करना शुरू कर दिया।

**देर शाम तक चली कार्रवाई :** जीएसटी टीम की जांच पड़ताल देर शाम तक जारी रही। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्टॉक और डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी या अन्य अनियमितताओं के वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे।

# न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज, अगले 36 घंटे में शीतलहर की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे ठंड और बढ़ गई है। जिले में पिछले एक माह से तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। इससे चल रही सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं, जिसके चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, क्षेत्र में मावठे (बारिश) की संभावना है। बारिश होने के बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। पिछले तीन दिनों से जिले में घना कोहरा छाया हुआ है। इससे लोगों की आवाजाही और यातायात प्रभावित हुआ है।

**किसानों और आम जनता के लिए चेतावनी :** मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों में भारी सर्दी के आसार जताए हैं। लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। किसानों को अपनी फसलों को पाले से बचाने के लिए खेतों की मेड़ों के आसपास धुआं करने की सलाह दी गई है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### लापरवाही बरतने चार सहायक राजस्व निरीक्षक निलंबित

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा 13 दिसम्बर को लोक अदालत मे राजस्व वसुली कार्य मे सौंपे गए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति नही कर वसुली कार्यो मे लापरवाही करने पर राजस्व विभाग के 4 सहायक राजस्व निरीक्षकों को निलंबित किया गया तथा 2 वार्ड वसुलीकर्ताओं का 7—7 दिवस का वेतन काटने के आदेश दिए गए। आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा 13 दिसम्बर को लोक अदालत मे नगर निगम की राजस्व वसुली के कार्यो हेतु सम्पूर्ण 45 वार्डो के सहायक राजस्व निरीक्षकों, वसुलीकर्ता कर्मचारियों को एक निर्धारित लक्ष्य सौंपा गया था। सौंपे गए लक्ष्यों की पूर्ति मे 50 प्रतिशत तक वसुली कार्य अनिवार्य किया गया था। इस कार्य मे सौंपे गए लक्ष्यों की पूर्ति नही करने पर निगम सहायक राजस्व निरीक्षक नागेश्वर परमार के द्वारा मात्र 4 प्रतिशत, राजेन्द्र पाण्डे के द्वारा 16 प्रतिशत, अजय सिंह खिंची द्वारा 15 प्रतिशत, राधेश्याम परमार द्वारा 8 प्रतिशत वसुली करने पर चारों सहायक राजस्व निरीक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता अनुशासनहीनता मानते हुए म.प्र. सिविल सेवा (नियंत्रण—वर्गीकरण एवं अपील) 1966 मे वर्णित नियमों मे स्पष्ट तथा उल्लंघन करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इन चारों सहायक राजस्व निरीक्षको को निलंबन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता प्रदान की गई है।13 दिसम्बर को सम्पन्न हुई लोक अदालत मे निगम के विनियमित कर्मचारी स्वाधिन खरे प्रभारी वसुलीकर्ता को वार्ड 27 मे सौंपे गए 50 प्रतिशत के लक्ष्यों मे से मात्र 15 प्रतिशत वसुली करने तथा शिरोमणी सिंह प्रभारी वसुलीकर्ता वार्ड 35 को 50 प्रतिशत वसुली के विरूद्ध मात्र 26 प्रतिशत संपत्तिकर की वसुली करने पर दोनों वसुलीकर्ताओं के 7—7 दिवस के वेतन काटने की कार्यवाही की गई।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने देवास पुलिस की संवेदनशील पहल

# दुर्घटना-संभावित और जानलेवा स्थानों पर चेतावनी पोस्टर लगाकर किया जागरूक

पूर्व में जिन स्थानों पर हुई थी सड़क दुर्घटनाएं,वही लगाए जा रहे चेतावनी एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा




पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विभिन्न स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एएसपी शहर जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी सोनकच्छ दीपा माडवे के निर्देशन में थाना प्रभारी टोंकखुर्द आलोक सोनी व चौकी प्रभारी उनि रमनदीप हुंदल एवं थाना प्रभारी पीपलरवां सुबोद गौतम के नेतृत्व में एक संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की जा रही है।इस पहल के अंतर्गत जिले के उन स्थानों पर, जहाँ पूर्व में सड़क दुर्घटनाओं में व्यक्तियों की मृत्यु अथवा गंभीर चोट की घटनाएं घटित हुई हैं, देवास पुलिस द्वारा चेतावनी एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से आम जनता को सतर्क रहने, वाहन सावधानीपूर्वक चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।इसी कड़ी में 21 नवंबर को देवास उज्जैन रोड पर ग्राम डिंगरोद्दा के पास एक दुर्घटना में 01 व्यक्ति की गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात मृत्यु हो गई थी। उक्त दुर्घटना स्थल पर थाना टोंकखुर्द पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में दुर्घटना चेतावनी संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि वहां से गुजरने वाले वाहन चालक सतर्क रहें एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।बीते 5 अगस्त सोनकच्छ-पीपलरवां रोड़ पर सुर्जना फाटा के पास एक दुर्घटना में 03 व्यक्ति की गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात मृत्यु हो गई थी। उक्त दुर्घटना स्थल पर थाना पीपलरवां पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में दुर्घटना चेतावनी संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि वहां से गुजरने वाले वाहन चालक सतर्क रहें एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**भौंरासा।** सोनकच्छ एसडीओपी दीपा माडवे के क्षेत्र अंतर्गत थाना भौरांसा द्वारा भी अपने क्षेत्र में आने वाले इंदौर भोपाल हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं से आगाह करने पोस्टर लगाए गए।भौंरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे के नेतृत्व में एक संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की जा रही है । इसी अनुक्रम में बी.आर. रिसोर्ट से पहले इन्दौर-भोपाल बायपास पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात मृत्यु हो गई थी। उक्त दुर्घटनास्थलों पर थाना भौरांसा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन में दुर्घटना चेतावनी संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि वहां से गुजरने वाले वाहन चालक सतर्क रहें एवं




भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके देवास पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत कमलापुर पुलिस ने की कार्रवाई, छह दिन में नाबालिग को अलवर से किया दस्तयाब, परिजनों को सौंपा

**चापडा।** पुलिस थाना कमलापुर द्वारा महज 6 दिनों मे अपहृत नाबालिग बालिका को अलबर राजस्थान के आरोपी अनिल महावर के कब्जे से सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द कर मुस्कान लौटाई। साथ ही वालिका को बाहला फुसलाकर अपहरण करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि थाना कमलापुर पर फरियादी व्दारा शिकायत दर्ज कराई गई थी थी। एक नाबालिग बालिका 6 दिनों से लापता है, उसके आधार पर पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम लगातार मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस को अहम सूचना प्राप्त हुई कि उक्त नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति अलवर राजस्थान का भगाकर ले गया है, जिस पर तत्काल विशेष टीम रवाना हुई। उक्त टीम द्वारा मंगलवार को अलबर राजस्थान जाकर वालिका को आरोपी अनिल महाबर के कब्जे से दस्तयाब किया गया। प्रकरण मे नाबालिग बालिका द्वारा दिये गये पुलिस कथन एवं न्यायालय के समक्ष बतलाये गये साक्ष्यो के आधार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाकर वालिका बालिका को इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर शादी करने का लालच देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले आरोपी अनिल पिता रामकिशोर महावर जाति कोली उम्र 23 साल निवासी स्वामियों का मोहल्ला अलवर राजस्थान को विधिवत गिरफ्तार किया गया । प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी अनिल से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त नाबालिक बालिका से उसके द्वारा करीब 6 माह पूर्व से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती की गई और बालिका को उससे न मिलने पर हाथ की नस काटकर मर जाने की धमकी देकर मिलने के लिए मजबूर किया गया था। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा,सहायक उप निरीक्षक कैलाश मंडलोई पुलिस लाइन देवास,प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा,आर. विवेक गांगे, महिला आरक्षक वंदना प्रजापति थाना कमलापुर,सायबर सेल के प्रधान आरक्षक सचिन, आरक्षक सोनू कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## आरजेडी उज्जैन सहित मेडिकल कॉलेज इंदौर, रतलाम की टीम ने किया चिकित्सालय का निरीक्षण

जिला चिकित्साल के निरीक्षण में स्वास्थ्य सेवाओं और क्लीनिकल व्यवस्था को देखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

क्षेत्रीय संचालक ,स्वास्थ्य सेवाये उज्जैन संभाग उज्जैन एवं मेडिकल कॉलेज इन्दौर और रतलाम की विशेषज्ञ टीम द्वारा गुरूवार को जिला चिकित्सालय देवास में भ्रमण कर किया। टीम में उज्जैन से क्षेत्रीय संचालक डॉ.दीपक पिप्पल, एनएचएम भोपाल से डॉ.अमित द्विवेदी, वरिष्ठ संयुक्त संचालक उज्जैन संभाग डॉ एमके जोशी, आरएमएनसीएचए कोर्डिनेटर डॉ माहिनूर खान, एमजीएम मेडिकल कालेज इन्दौर से डॉ सुनील आर्य,डॉ सूरज सिरोही, डॉ रिद्धि हाथीवाला, डॉ सुरभि पोरवाल, मेडिकल कालेज रतलाम से डॉ देवेंद्र नारगवे, डॉ गौरव सक्सेना,डॉ सारिका रावत, डॉ आनंद कुमार पाटीदार मुस्कान एवं लक्ष्य प्रोटोकॉल अंतर्गत टीम ने देखी क्लीनिकल व्यवस्था देखी।

संयुक्त टीम द्वारा जिला चिकित्सालय के लेबर रूम एवं प्रसूति कक्ष एसएनसीयू ,एनआरसी, और ओटी का का विस्तृत निरीक्षण किया गया टीम द्वारा शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सेवाएं देने एवं इन्फैक्शन कंट्रोल के प्रोटोकॉल के संबंध में चिकित्सक स्टाफ से चर्चा की गई। वार्ड में जाकर मरीजों से मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इंचार्ज चिकित्सक,नर्सिंग स्टॉफ से क्लीनिकल जानकारी ली और रिकॉर्ड का अवलोकन किया।भर्ती मरीजों से चर्चा कर उपचार संबंधित जानकारी ली गई।

निरीक्षण उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवास डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ,सिविल सर्जन डॉ. आर.पी.परमार, डीआईओं डॉ. सुनील तिवारी, आरएमओ डॉ. अजय पटेल, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ . साधना वर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वैशाली निगम, डीपीएम कामाक्षी दुबे, उप जिला मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय ,डीक्यूएम डॉ. स्नेहल वर्मा, अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान सहित अन्य चिकित्सक व सेक्शन इंचार्ज मेट्रन नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

### गृह निर्माण सामग्री एवं वेस्ट मटेरियल मुख्य मार्ग पर रखने पर चालानी कार्रवाई की गई

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर वार्ड 26 मे मोती बंगला क्षेत्र शिवाजी नगर एवं 27 वार्ड आनंद नगर में मार्ग पर गृह निर्माण की सामग्री एवं सीएनडी वेस्ट मटेरियल डालकर गंदगी फैलाये जाने पर रूपये 5 हजार की चालानी कार्यवाही निगम स्वास्थ्य विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

## लापरवाही के चलते अटका सड़क निर्माण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बड़े बड़े उद्योगपतियों को सरकार आसानी से जंगल जमीन सौंप देती है। वन विभाग की मंजूरी भी मिल जाती है, लेकिन जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए ना तो सरकार ध्यान देती है ना ही वन विभाग मंजूरी देता है जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। खरगोन और सीतावन क्षेत्र (देवास जिला) को जोड़ने वाला रोड–ब्रिज बने हुए करीब 3 साल हो चुके हैं, लेकिन सड़क का काम आज तक शुरू नहीं हो पाया है। सड़क नहीं बनने से लोगों को खासकर अमावस्या जैसे दिनों में कच्चे रास्ते से पैदल निकलने में भारी परेशानी होती है और परिक्रमा वासियों को भी नंगे पैर कच्चे रास्ते पर चलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे ने बताया कि यह सड़क वर्ष 2023 में पीडब्ल्यूडी अंतर्गत 52 करोड़ रुपये की लागत से तरानिया से पिपरी तक लगभग 7 किलोमीटर सीसी रोड के रूप में स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए जो जमीन फॉरेस्ट विभाग की थी, उसके बदले सरकार द्वारा देवास क्षेत्र में फॉरेस्ट विभाग को जमीन भी आवंटित कर दी गई थी, लेकिन अभी तक निर्माण कि स्वीकृती नहीं मिली। पूर्व विधायक ने कहा कि उनका विधायक टिकट कटने के बाद उन्होंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, क्योंकि सड़क की स्वीकृति मेरे कार्यकाल में पहले ही हो चुकी थी। अब अगर सड़क नहीं बनी तो इसमें मेरा क्या दोष है।

उन्होंने यह भी बताया कि बावड़ीखेड़ा से जयंती माता रोड के लिए भी 52 करोड़ रुपये की सीसी रोड़ स्वीकृत हुई थी, मेरे कार्यकाल में भूमि पूजन हो चुका था और पुलिया का काम भी शुरू हो गया था, लेकिन बाद में फॉरेस्ट विभाग ने काम रुकवा दिया। पूर्व विधायक का आरोप है कि इन दोनों सड़कों के रुकने के पीछे कहीं न कहीं फॉरेस्ट विभाग और कमीशन एजेंट जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि ये काम जनता के हित में थे, ऐसे कार्यों में अड़ंगा नहीं लगना चाहिए।

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आनंद गुप्ता ने बताया कि तरानिया से पिपरी तक 7 किलोमीटर सड़क का मामला फॉरेस्ट विभाग में फंस गया था, इसी वजह से काम रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही फॉरेस्ट विभाग से अनुमति मिलेगी, सड़क निर्माण का काम फिर शुरू कर दिया जाएगा।

## खाद की किल्लत से जूझ रहे रतनपुर सहकारी संस्था से जुड़े किसान, फसलें हो रहीं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




सहकारी संस्था रतनपुर के अंतर्गत जुड़े किसानों को इन दिनों खाद की गंभीर किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खेती करने में भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। विशेष रूप से यूरिया खाद की भारी कमी बताई जा रही है, जिससे फसलों की बुवाई एवं उत्पादन प्रभावित हो रहा है। धाराजी क्षेत्र के किसानों का कहना है कि उनकी खेती का रकबा कम है और रतनपुर की दूरी अधिक होने के कारण वहां से खाद लेना अत्यंत खर्चीला पड़ता है। इसी कारण कई किसान मजबूरीवश खुले बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं, जिससे उनकी खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है।

ग्राम कोथमीर के बोंदर ने बताया कि उनके क्षेत्र में अनेक छोटे किसान ऐसे हैं जिनकी जमीन का बंटवारा हो चुका है और अब उनके पास आधे बीघा से भी कम भूमि बची है। ऐसे किसानों के लिए रतनपुर जाकर खाद लाना बेहद मुश्किल है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद धाराजी क्षेत्र में ही खाद वितरण की व्यवस्था की गई थी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली थी, लेकिन वर्तमान में उस व्यवस्था को फिर से बंद कर दिया गया है। इससे छोटे किसानों की समस्याएं और बढ़ गई हैं।किसानों ने बताया कि खाद प्राप्त करने के लिए पहले रतनपुर में परमिट कटवाना पड़ता है, उसके बाद परिवहन के साधनों की व्यवस्था करनी होती है। इस पूरी प्रक्रिया में समय, धन और श्रम तीनों की अधिक खपत होती है, वहीं इसके बावजूद भी खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता।धाराजी क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें पिपरी सहकारी समिति से जोड़ा जाए अथवा उनके क्षेत्र में ही खाद वितरण की समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ मिल सके।इसके साथ ही किसानों ने यह भी मांग उठाई है कि पिपरी सहकारी समिति के प्रबंधक का स्थानांतरण रतनपुर किया जाए तथा रतनपुर सहकारी समिति के प्रबंधक को पिपरी स्थानांतरित किया जाए। किसानों का मानना है कि इस प्रकार के प्रशासनिक बदलाव से खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, संचालन बेहतर होगा और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जा सकेगी।

स्कूल परिसर में समग्र एवं सुव्यवस्थित जल संरक्षण प्रणाली लागू करने मिली सफलता

## जल संरक्षण की मिसाल सेनथॉम एकेडमी, ब्लूस्टार वाटर अवार्ड से सम्मानित







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल रोड स्थित सेनथॉम एकेडमी को जल संरक्षण एवं सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला प्रशासन एवं अमृत संचय अभियान, देवास द्वारा प्रतिष्ठित ब्लूस्टार वाटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विद्यालय की प्रभावी, दूरदर्शी एवं नवाचारी जल प्रबंधन पहल को मान्यता देता है।

सेनथॉम एकेडमी ने अपने परिसर में एक समग्र एवं सुव्यवस्थित जल संरक्षण प्रणाली लागू की है। इनमें वर्षा जल संचयन, ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर एवं मिस्ट स्प्रेयर, स्विमिंग पूल के लिए जल पुनर्चक्रण व्यवस्था तथा आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं, जिससे जल का अधिकतम पुनः उपयोग और न्यूनतम अपव्यय सुनिश्चित किया जा रहा है।

विद्यालय परिसर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यहाँ प्राकृतिक घास के हरे-भरे लॉन, सुव्यवस्थित किचन गार्डन तथा लगभग 500 प्रकार की वनस्पतियाँ मौजूद हैं, जो पारिस्थितिक संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान सतत विकास के प्रति सेनथॉम एकेडमी की अटूट प्रतिबद्धता और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को पुनः पुष्ट करता है तथा संस्था विद्यार्थियों एवं समाज को पर्यावरण हितैषी उपाय अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित करती रहेगी, जिससे सुरक्षित एवं सतत जल भविष्य सुनिश्चित हो सके।

स्कूल प्रबंधन द्वारा पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने आधारित नियमित रूप से वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएँ तथा टैग बोर्ड प्रस्तुतियों जैसी विविध सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन की जाती है। हाल ही में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अमृत संचय अभियान, देवास के अंतर्गत आयोजित विभिन्न अंतर-विद्यालय प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी की और जल संरक्षण से जुड़े विषयों पर उत्कृष्ट प्रतिभा एवं जागरूकता का सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।कक्षा VI–VIII की भाषण प्रतियोगिता में अन्वी शर्मा ने प्रथम पुरस्कार तथा शिवांश भावसार ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

वहीं कक्षा IX–XII की भाषण प्रतियोगिता में आद्या वैश्य प्रथम पुरस्कार की विजेता रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा VI–VIII वर्ग से अगम्या चौहान तथा कक्षा IX–XII वर्ग से रैना जैन ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। चित्रकला/पेंटिंग प्रतियोगिता (कक्षा VI–VIII) में हिमांगी अहाके ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया।

## श्मशान घाट मार्ग पर सड़क निर्माण शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

गुरुवार को नगर में वार्ड क्रमांक 2 में स्थित भूतड़ा की झीन से लेकर श्मशान घाट तक के सीसी रोड़ का निर्माण कार्य का काम शुरू किया गया। रोड़ का भूमि पूजन कर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद छोटू लाल लोधी द्वारा रोड़ निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। साथ ही नगर में अन्य वार्ड में भी विकास कार्य जारी है। वार्ड क्रमांक 5, वार्ड 6, वार्ड 7 वार्ड क्रमांक 8 में विकास कार्य संबंधित निर्माण कार्य हो चुके हैं।

वार्ड क्रमांक 2श्मशान घाट मार्ग पर गुरुवार से रोड़ निर्माण कार्य शुरू हो चुका है जिसको लेकर चर्चा है कि नगर में अब विकास कार्यो को पंख लग चुके है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष जोशी एवं उपाध्यक्ष राणा ने बताया कि अन्य जो वार्ड रह गए हैं उनमें भी काम होना है। यह रोड़ बनने से वार्ड के नागरिकों में खुशी की लहर है। बताया जा रहा है कि यह रोड़ कई साल पूर्व बनाई गई थी यहां से निकलने में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण के बाद बारिश में होने वाले कीचड़ से बचा जा सकेगा। इसमें धीरज छोटुलाल लोधी, भगवान सिंह कामदार, पूर्व पार्षद बद्रीलाल लाल लोधी, सुरेश चंद लोधी राजेंश लोधी, सागर लोधी, विवेक शर्मा, कमल लोधी, पंडा, गौरव लोधी, आकाश लोधी, मनोज लोधी, नितिन चरन आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### खिरिया छतारा गांव में शोकसभा संपन्न दी श्रद्धांजलि

**ललितपुर।** गांव खिरिया छतरा में हाल ही में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने एकजुट होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया। वक्ताओं ने दिवंगत के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शोक सभा में गांव के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं ने सहभागिता की। आयोजन के माध्यम से आपसी भाईचारे, संवेदना और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। ग्रामीणों प्रजापति समाज जिलाध्यक्ष हरचरण बाबा, जिला सचिव भगवानदास प्रजापति, युवा पप्पू, जिलाध्यक्ष विवेक प्रजापति, मुकेश, गणेश, जिला प्रजापति समाज मीडिया प्रभारी अमित प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### देवर-देवरानी जबरन जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी सुनीता पत्नी कमल प्रजापति ने पुलिस को अवगत कराया कि उसके सगे देवर नन्दू प्रजापति पुत्र भगोले ने अपने हिस्से की जमीन के अलावा उसके हिस्से की जमीन पर भी जबरन कब्जा करने की फिराक में है। बताया कि बीती 14 दिसम्बर को शाम करीब 4 बजे उसका देवर व देवरानी सरोज खेत में लगे पत्थर उखाडने का प्रयास कर रहे थे। जब उसने यह देखा तो उसने मना किया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि उसके पति मड़ावरा में पल्लेदारी करते हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### चालक ने बैक करते हुए पिकअप में मारी टक्कर

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खड़ेरा निवासी राजू पुत्र दयाराम रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 11 बजे वाहन संख्या यू.पी. 94 एस 7700 इनोवा कार को चलाता हुआ वह पुराना झांसी-सागर रोड एन.एच.26 पर मन्नू पेट्रोल पम्प के पास स्थित होटल आर्यन इन ललितपुर के दरबाजे पर प्रवेश कर रहा था। उसकी कार रोड की पटरी एवं प्रवेश द्वार के मध्य में थी। तभी वहां खड़ी पिकअप लोडर संख्या यू.पी. 94 टी 4038 के ड्राइवर ने पिकअप को यकाइक तेजी व असावधानी से बैक करते हुये बिना कोई हॉर्न दिये ही कार में बाईं ओर टक्कर मार दी, जिससे उसकी कार का अगला दरबाजा एवं बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर से उसकी कार का करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। बताया कि इस कार के स्वामी सुधीर कुमार श्रीवास्तव हैं। जबकि दुर्घटना को नदीपुरा निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र हाजी जमील एवं आजादपुरा निवासी रोहित शर्मा पुत्र श्याम सुन्दर शर्मा व मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने देखा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सीहोर स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग

**सीहोर।** बीते लंबे समय से सीहोर के नागरिक सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग कर रहे हैं। सीहोर में कुबरेश्वर धाम पर लाखों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी वर्ग भी अपनी शिक्षा प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थान आते हैं, लेकिन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण अनेक लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज होगा तो उसे रेलवे विभाग को भी राजस्व की प्राप्ति बढ़ेगी। इन्हीं सभी मांगों को लेकर सीहोर के वरिष्ठ गोपाल सोनी, वीरेंद्र किरार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों नागरिकों ने भोपाल सीहोर सांसद आलोक शर्मा को ट्रेन स्टॉपेज करने हेतु मांग पत्र सौंपा था।

## कोहरे को लेकर यातायात पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# सड़क पर सुरक्षित चलें, नियमों व संकेतों का पालन करें : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वर्तमान में पड़ रही ठण्ड और सुबह-शाम लग रहे कोहरे के मद्देनजर यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एसपी मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा है। इसके लिए सर्दी और कोहरे के मौसम में सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों के लिए विशेष यातायात एडवाइजरी जारी की है, जिसमें गति एवं सुरक्षित ड्राइविंग, सड़क पर निर्धारित गति में ही वाहन चलाएं।

यातायात संकेतों को दृष्टिगत रखते हुए ब्लैक स्पॉट/दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें। अपनी लेन में ही वाहन चलाएं (एक्सप्रेसवे पर भारी वाहन/कंटेनर अपने बाएं, हल्के मध्यम वाहन मध्य में व ओवरटेक करने वाले वाहन दाहिने से), राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहन सदैव अपने बाईं लेन में ही चलाएं, ओवरटेक सदैव दाहिने से और सुरक्षित तरीके से करें, ओवरटेक करने से 100 मीटर पहले इंडिकेटर अवश्य दें, विपरीत दिशा में वाहन



न चलाएं, ये स्वयं के साथ साथ अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरनाक है, नींद, थकान व नशे की हालत में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/इयरफोन का प्रयोग न करें, वाहन की लाइट लो बीम पर रखें, दृश्यता अत्यधिक कम होने की स्थित में लेन मार्किंग (सफेद पट्टी) के सहारे वाहन चलाएं, फाग लाइट और डीफागर का प्रयोग करें, कोहरे की स्थित में वाहन का म्यूजिक सिस्टम बंद रखें और मोबाइल न चलाएं ताकि अन्य वाहनों का हॉर्न सुनाई पड़े, दो पहिया वाहन चलाते समय ड्राइवर और राइडर अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करें, अन्य वाहन चालक अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाएं।

### वाहन से संबंधित सुरक्षा प्रावधान

मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाएं व सवारी वाहनों में माल न रखें। तीन पहिया/ऑटो/टेम्पो में केवल मानक संख्या (1+3/ 1+6) में ही सवारी बैठाएं। सभी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाएं। कोहरे की स्थित में सुनिश्चित करें कि आपके वाहन की फाग लाइट ठीक हो। व्यायसायिक वाहनों में अग्निशामक यंत्र जरूर हों। वाहनों के ब्रेक/क्लच आदि की नियमित जांच कराते रहें। किसी भी आकस्मिक स्थित में 112 डायल करें।

### एम्ब्युलेंस को प्राथमिकता से दें रास्ता

यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने सभी वाहन चालकों से आह्वान किया है कि सड़क पर चल रहे एम्बुलेंस को प्राथमिकता देते हुए उसे तुरंत रास्ता दें, आपकी जागरूकता, आपकी संवेदनशीलता और आपकी त्वरित प्रतिक्रिया किसी के अनमोल जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## शहजाद पुल निर्माणाधीन है

# जिलाधिकारी ने डायर्वजन बनाने के लिए निर्देश दिए



**ललितपुर।** शहर की सड़क मुख्य सड़क आजादचौक-सागर मार्ग पर शहजाद नदी के निर्माणाधीन पुल पर सर्विस मार्ग न होने के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों से समस्याओं को दूर कर अधिकारियों को रुट डायवर्जन के दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि उन्हें अब आवागमन हेतु परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर व यातायात प्रभारी को निर्देश दिये कि पुल के समीप स्थित दूसरे पुल को बाइक, ऑटो व टैक्सी के लिए उपयोग में लाया जाए, ताकि आमजन व स्कूली बच्चों को आवागमन में कोई परेशानी न हो, परन्तु 4 व्हीलर का रुट पूर्व निर्धारित ही रहेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि रास्ते में अतिक्रमण की स्थिति हो तो उसे तत्काल हटवाया जाए । जिलाधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान यातायात की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए एवं अस्थायी मार्ग पर मोटर साईकिलों आदि वाहनों के आवागमन हेतु समुचित स्लोप आदि बनाया जाए।

### सेतु का निर्माण इसी माह प्रारंभ हुआ है

मौके पर कार्यदायी संस्था उप्र राज्य सेतु निगम लि के अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस सेतु का निर्माण इसी माह प्रारंभ हुआ है, 96 मी लम्बाई वाले इस कार्य की स्वीकृत लागत 1101.67 लाख है, जिसका निर्माण जून 2027 में पूर्ण होने की संभावना है। वर्तमान में पूर्व निर्मित रपटे को तोड़ने का कार्य प्रगति में है। साथ ही निर्देशित किया गया कि कार्य को किसी भी परिस्थिति में लक्षित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, कार्यदायी संस्था उप्र राज्य सेतु निगम लि के उप परियोजना प्रबन्धक मृगेन्द्र सिंह चौहान एवं सहायक अभियन्ता बीएमएस कुमार उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में गोष्ठी हुई

# किसानों को दी उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी



**ललितपुर।** कृषि विभाग के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय महेशपुरा परिसर में पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का सफल आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य रबी फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने की दृष्टि से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की सारगर्भित जानकारी देने के साथ ही गौ आधारित प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहित करना रहा। किसान पाठशाला के दौरान कृषि विभाग से तरूण जामकर (एडीओ) द्वारा किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, हरी खाद, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। श्रुति मिश्रा द्वारा मृदा स्वास्थ्य सुधार, उन्नत कृषि संसाधनों के समुचित उपयोग, गौ आधारित प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गई। वहीं फसल बीमा योजना के संबंध में विवेक मिश्रा द्वारा किसानों को आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आरबीआई, नाबार्ड, पीएनबी व आरोह फाउंडेशन से एफ.सी. सोहिब खान द्वारा किसानों को विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं एवं योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रगतिशील कृषक रमेश राजपूत द्वारा चने की खेती में उकसा रोग के निदान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## साइबर क्राइम थाने की प्रशंसाक की

# पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से हड़पी धनराशि वापस कराई



**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी और एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत धोखाधड़ी से ऑनलाइन फ्रॉड हुयी धनराशि को वापस दिलाया।

गौरतलब है कि थाना बानपुर के ग्राम अमोराखेरा निवासी निधि पुत्री सिरनम सिंह ने 89 हजार 007 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। इस शिकायत को दर्ज कर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 सी व 66 डी के तहत शिकायत दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। एसपी के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने उपलब्ध कराये गये स्टेटमेंट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन कर तकनीकि विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेन्सियों, बैंकों, बॉलेट आदि से सम्पर्क कर उचित माध्यम से सम्बन्धित वित्तीय एजेन्सियों को मेल करके पीड़िता का पैसा होल्ड कराकर पीड़िता से फ्रॉड हुयी हुयी सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराने में महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की है। साइबर क्राइम थाना पुलिस के इस कार्य को लेकर पीड़िता ने एसपी ललितपुर के कार्य की सराहना की। फ्रॉड हुयी धनराशि वापस दिलाने में साइबर क्राइम थाना से निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

## संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की

# चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की



**महरौनी (ललितपुर)।** चन्द्रशेखर आजाद जनसेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय गढ़ी मंदिर प्रांगण कुम्हैढ़ी में समिति के वरिष्ठ सदस्य संतोष दीक्षित (सुट्टू भैय्या) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 27 फरवरी को अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान समिति के विस्तार एवं संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति संस्थापक दिनेश विदुआ ने कहा कि वर्तमान में चल रही गतिविधियों को सुव्यवस्थित करते हुए सभी सदस्यों की आपसी मनोस्थिति को सकारात्मक दिशा में मोडन्ना आवश्यक है, ताकि नए सृजन और एकजुटता के साथ आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाया जा सके। उन्होंने सभी सदस्यों से मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। दिनेश विदुआ के विचारों का समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया और संगठन को एकजुट रखकर आगे बढन्ने का संकल्प लिया। बैठक में समिति संस्थापक दिनेश विदुआ, संरक्षक संजय रावत, रामशरण दीक्षित, शिवचरण निरंजन, नारायण सिंह राजा, अध्यक्ष प्रमोद सीरौठिया, रामचरण चौरसिया, प्रकाश नारायण निरंजन, सीताराम कुशवाहा, संजय मिश्रा, मुकेश श्रीवास्तव, आशुतोष चौधरी, नाथूराम निरंजन, महेंद्र मिश्रा, रामभरत निरंजन, राजेंद्र रगोलया, राजू विरथरे, कमलेश नांगल, लखन कुशवाहा, प्रेमनारायण झा, मीडिया प्रभारी शैलेंद्र नायक एवं धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की एकता और बलिदान दिवस कार्यक्रमों को ऐतिहासिक रूप देने के संकल्प के साथ हुआ।

# पूर्व पीएम भारत रत्न बाजपेयी के जन्म दिवस पर होंगी प्रतियोगिताएं

**ललितपुर।** मुख्य सचिव शासन लखनऊ के आदेश द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर 25 दिसम्बर 2015 को प्रदेश के समस्त जनपदों में कार्य का आयोजन किया जाना है।

यह जानकारी देते हुये जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि कक्षा 8 से 12 के विद्यार्थियों के मध्य भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी एवं सुशासन विषय पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन, स्नातक एवं परास्नातक के विद्यार्थियों को भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए सुशासन का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता, युवा



विद्यार्थियों के मध्य उनके जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ का आयोजन, जिले में अवस्थापित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में से किसी एक उपयुक्त स्थल का चयन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने डीआईओएस व बीएस को अपने-अपने विद्यालयों में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य दिये गये विषय व शीर्षक पर 18 दिसम्बर को विद्यालय स्तर पर व विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की 19 दिसम्बर को ब्लाक स्तरीय प्रतियोगितायें करायेंगे। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को जिला स्तरीय परीक्षा 22 दिसम्बर को रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा आयोजित करायी जायेगी। वहीं महाविद्यालय स्तर पर निबंध, भाषण एवं एकल काव्य प्रतियोगिताएं 18 व 19 दिसम्बर को सम्बन्धित महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा करायी जायेगी, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों की परीक्षा रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा करायी जायेगी। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।

# जनपद में मनाया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में डीडीओ, पीडी डीआरडीए, डीसी नरेगा, खण्ड विकास अधिकारी, बार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा कार्यक्रम मे उपस्थिति अन्य अतिथिगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे तथा अपने अधिकार के प्रति समस्त अधिकारियों के समस्त अपनी विचार प्रस्तुत किये। प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नन्दलाल सिंह द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित लोगों को उनके सामाजिक एवं शैक्षिक अधिकारों को प्रदान किया जाना है। 18 दिसम्बर 1992 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने धार्मिक भाषायी अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किये थे और उसे प्रसारित करने का निर्णय लिया गया था। आज का अवसर अल्पसंख्यक समुदाए के लोगों को उनके संविधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुचाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को अपने विभाग में संचालित की जाने वाली योजनाओं में परदर्शिता पूर्ण से समस्त वर्गो को लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिए।

# देहरादून में नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुई ऋतु दुबे



**ललितपुर।** शहर के गणमान्य नागरिक दुबे परिवार के स्व.राधामोहन दुबे की सुपुत्री डा. ऋतु दुबे तिवारी को पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया, नालंदा इनिशिएटिव 2025 के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में यह अवॉर्ड उत्तराखंड के कैबिनेट मिनिस्टर सुबोध उनियाल द्वारा देहरादून में दिया गया। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा छात्र कल्याण के उनके अनवरत प्रयासों के लिए यह पुरुस्कार डा. ऋतु को दिया गया है। राष्ट्रीय टेलीविजन एवं समाचार पत्रों तथा एकेडमिक क्षेत्र में सक्रिय डा. ऋतु वर्तमान में निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज गाजियाबाद में प्रिंसिपल के पद पर । हैं। ललितपुर के प्रबुद्ध लोगों ने डा. ऋतु की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

# बढ़ती ठंड से विद्यालय समय परिवर्तन की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद ललितपुर के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में जिले में पड़ रही भीषण ठंड, कोहरा एवं गलन को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की गई है।

बीएसए रणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष/मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अधिकांश बच्चे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं, जिनके पास ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़ों की व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में वर्तमान समय सारिणी के अनुसार सुबह 8.30 बजे विद्यालय पहुंचना बच्चों के लिए कठिन हो रहा



है,जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडन्ने की आशंका है। संगठन ने बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय परिवर्तन की मांग की है, जिससे नौनिहालों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके। उन्होंने मांग की है कि एसआईआर के कार्य में लगे समस्त परिषदीय कार्मिकों ने अवकाश के दिनों में भी कार्य किया है। अवकाश के दिनों में किए गए कार्य के बदले में प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाए। 08 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली सीटीईटी परीक्षा में आवेदन करने तथा परीक्षा में सम्मलित होने के लिये वर्ष 2010 के पूर्व से सेवारत शिक्षक,शिक्षिकाओं को सामूहिक विभागीय अनुमति दी जाए जिससे शिक्षक, शिक्षिकाएं सीटीईटी परीक्षा हेतु आवेदन कर सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय अवधि के पश्चात संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किये।

इस दौरान बीएसए ने संघ की मांग पर तुरंत सीटीईटी में आवेदन एवं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सामूहिक अनुमति पत्र जारी किया और तीन प्रतिकर अवकाश पर सहमति जताते हुए शीघ्र ही पत्र जारी करने का आश्वासन संघठन को दिया तथा समय परिवर्तन को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता कर शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विनय ताम्रकार, अरुण निरंजन, सत्येंद्र जैन, अविनेश कुमार, रामेश्वर पाल, महेश सोनी, कल्यान पटेल, अमित जैन, सौरभ चौरसिया, लक्ष्मी नारायण, अश्वनी वर्मा, सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

### टीएल बैठक में विभिन्न पेंडेंसी व अफसरों की लापरवाही पर कलेक्टर का सख्त रुख

# लापरवाही पर किसी की वेतनवृद्धि रोकी तो किसी को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



कलेक्टोरेट सभागार में बुधवार को आयोजित टीएल(टाईम लिमिट) बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों सहित अन्य लापरवाहियों पर सख्त रुख में नजर आए। उन्होंने कुछ लापरवाह अफसरों व कर्मचारियों की वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए वहीं कुछ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। पूर्व की बैठकों में कलेक्टर डॉ. जिला पेंशन अधिकारी एवं कोषालय कार्यालय को पेंशन प्रकरणों के बिल जनरेट की विभागवार जानकारी समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। उक्त जानकारी आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं होने पर कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी व जिला कोषालय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साथ ही पेंशनरों की जानकारी सत्यापित न होने की स्थिति में संबंधित विभाग प्रमुख का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर डिस्ट्रिक होमगार्ड कमांडेंट को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### निर्धारित लक्ष्य पूर्ण न होने पर करेंगे कड़ी कार्रवाई

पीएम आवास योजना की समीक्षा अंतर्गत जिला परियोजना अधिकारी को नगरीय निकायों से निकायवार प्राप्त आवेदनों की संख्या, स्वीकृत प्रकरणों तथा अस्वीकृति के कारणों, पट्टों के आवेदनों सहित समस्त जानकारी एसडीएम द्वारा सीएमओ के साथ समन्वय कर गूगल शीट में नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए। पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) से संबंधित बढ़ती शिकायतों पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी 7 से 10 दिवस में एनआरसी की ऑक्यूपेंसी शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### लेखापाल की वेतनवृद्धि रोक लेखा-पुस्तिका में करें दर्ज

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग के लेखापाल दिनेश पारीख की वेतनवृद्धि रोकते हुए उसे उनकी सेवा-पुस्तिका में दर्ज करें। उल्लेखनीय है कि लेखापाल की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे लेकिन उनका अभी तक पालन नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की।

### केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर करें तैयारियां

आगामी 20 दिसंबर को जिले में केंद्रीय सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम में आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला खेल अधिकारी को दिए।

### कई स्थानों पर घंटों तक लगा रहा जाम, एम्बुलेंस भी फंसी

# हर बुधवार की पीड़ा बना राजगढ़ का साप्ताहिक हाट-बाजार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

मुख्यालय पर हर बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजार के संचालन के लिए सुव्यवस्था नहीं किए जाने से यह हफ्ते की पीड़ा बनता जा रहा है। कल के हाट-बाजार में पूरे दिन मेन मार्केट सहित नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप के चैराहे एवं नवीन दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। आलम यह था कि जाम में एम्बुलेंस भी फंस गई जिसे बमुश्किल जाम से निकाला गया। शहरवासियों द्वारा लंबे अर्से से साप्ताहिक हाट-बाजार के लिए अलग से स्थान चयन करने की मांग नगर पालिका एवं प्रशासन से की जा रही है लेकिन अभी तक इस बारे में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यही कारण है कि हाट-बाजार में खरीदी करने आने वाले ग्रामीणों के साथ-साथ नगरवासियों को भी हर बुधवार खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मेन मार्केट में भी जाम के हालात

ऐसा नहीं है कि हाट-बाजार में जाम के हालात सिर्फ कुछे स्थानों पर ही बनते हैं। बल्कि, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक समूचे मेन मार्केट में भी यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाती है। दो-पहिया सहित चार-पहिया वाहनों के हाट-बाजार में दाखिल होने पर हालात बद से बदतर हो जाया करते हैं।

## अंशुल तिवारी प्रदेश भाजपा सह-मीडिया प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सशक्त कदम उठाते हुए राजगढ़ के अंशुल तिवारी को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। तिवारी को पार्टी ने मध्यप्रदेश का सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन का मानना है कि उनकी सक्रियता, वैचारिक स्पष्टता और मीडिया क्षेत्र में मजबूत पकड़ से



पार्टी की संचार, प्रसार-प्रसार रणनीति को नई ऊंचाईयां मिलेंग। आपको बतादें कि अंशुल तिवारी को पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाया जा चुका है। इसके उपरान्त भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रहते हुए उन्हें प्रदेश के कई जिलों का दायित्व सौंपा गया जहां उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान की। अंशुल ने बताया कि उन्हें मिले इस दायित्व को वे पार्टी की रीति-नीति, सरकार की उपलब्धियों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

### प्रदेश नेतृत्व की सहमति उपरान्त पार्टी जिलाध्यक्ष ने जारी की सूची

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित महिलाओं को भी सौंपे गए अहम पद

**राजगढ़-ब्यावरा।** लंबे समय बाद भारतीय जनता पार्टी ने अंततः अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने मंगलवार देर रात्रि 20 जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की है जिनमें चार महिला कार्यकर्ताओं को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

7 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 7 मंत्री सहित अन्य पदों के पदाधिकारी घोषित किए गए हैं। जिला स्तरीय कार्यकारिणी में अक्षय सक्सेना, मोहन गुप्ता, बृजकिशोर मीणा, पंकज शर्मा, इंदर सिंह लववंषी, श्रवण पाटीदार, रामचरण दीपक किरार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह देवीसिंह सौंधिया एवं ममता इंदौरिया को महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी जिलाध्यक्ष ने 07 मंत्री नियुक्त किए हैं जिनमें अनीता वर्मा, पद्मा वैष्णव, सुश्री माधवी परमार, सतेंद्र सिंह राठौर, हनुमान पाटीदार, घनश्याम नागर एवं मनोहर सिंह परमार शामिल है। इसके साथ ही शेलेष गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, देवेंद्र गौड़ जिला सह-कोषाध्यक्ष, श्याम मंडलोई कार्यालय मंत्री एवं फूलसिंह तंवर को सह-कार्यालय मंत्री बनाया गया है।

### पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप चलने की अपेक्षा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति उपरान्त घोषित जिला कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी की रीति, नीति के अनुरूप कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निवर्हन करेंगे।

### राहुल को मिली ब्लॉक अध्यक्ष की कमान

# ब्यावरा कांग्रेस में बदलाव होने से जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

संगठन को धार देने और ग्रास रूट पर मजबूती लाने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने ब्यावरा ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। इस नई टीम का नेतृत्व युवा और ऊर्जावान नेता राहुल दांगी को सौंपा गया है। राहुल दांगी को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में पार्टी की नई रणनीति के संकेत मिलने लगे हैं। राहुल दांगी का राजनीतिक ग्राफ काफी प्रभावशाली रहा है। वे पूर्व में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहाँ



उन्होंने छात्र राजनीति के जरिए जिले भर में अपनी मजबूत पैठ बनाई थी। पार्टी सूत्रों की मानें तो उनकी संगठनात्मक क्षमता और वफादारी को देखते हुए ही उन्हें अब ब्लॉक की कमान सौंपी गई है। राहुल ने वरिष्ठ नेत्त्व का आभार व्यक्त करते हुंए जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिह एवं जयवध्रन सिंह को कृतज्ञता ज्ञापित की है। नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल दांगी ने पदभार संभालते ही संकेत दिए हैं कि उनकी प्राथमिकता बूथ स्तर पर कांग्रेस को फिर से खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में ब्लॉक कार्यकारिणी को सक्रिय करेंगे और जनता की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेंगे। उनकी इस नियुक्ति से युवाओं में खासा उत्साह है, जिसका सीधा असर आने वाले स्थानीय कार्यक्रमों और आंदोलनों में देखने को मिल सकता है।

### हार्डवेयर सप्लायर ने दर्ज करवाई रिपोर्ट

# 10 लाख का माल उधार लेकर नहीं किया पेमेंट, एफआईआर

**राजगढ़।** अक्सर कुछ लोग विभिन्न प्रतिष्ठानों, सप्लायरों से उधारी में माल ले लिया करते हैं लेकिन जब पेमेंट की बारी आती है तो हीलाहवाली करते हुए बाद में मुकर जाते हैं। एक ऐसे ही मामले में राजगढ़ निवासी एक हार्डवेयर दुकान संचालक से करीब 10 लाख रुपए का माल उधार लेकर पेमेंट न करने वाले व्यक्ति पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

**क्या है पूरा मामला-** पुलिस ने बताया कि खुजनेर रोड स्थित तंवर ब्रदर्स सप्लायर से मोहन तंवर निवासी टांडीकला हाल मुकाम गिरनार सिटी द्वारा साल 2021 से सीमेंट, सरिया सहित हार्डवेयर से जुड़े कई तरह के सामान उधारी पर लिए गए। दुकान संचालक चंद्रपाल सिंह तंवर ने करीब 10 लाख रुपए का माल उन्हें उधार दे दिया। दुकान संचालक द्वारा कई बार तकाजा किए जाने के बाद भी मोहन तंवर द्वारा उनका पेमेंट नहीं किया गया। चंद्रपाल ने कोतवाली आपबीती बताई। पुलिस ने माल उधार लेकर भुगतान न करने वाले मोहन तंवर पर बीएनएस की धारा 406 के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की है।

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आश्वासन के बाद स्थगित

# नगर परिषद सीएमओ ने कलम रख सफाई के लिए उठाया झाड़ू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ माचलपुर

नगर परिषद सफाई कर्मचारी की छे दिनों से चल आ रही थी हड़ताल मंगलवार रात्रि में परिषद द्वारा सफाई कर्मचारी की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के आश्वासन वा कुछ वरिष्ठजनों की समझाईश के बाद हड़ताल स्थगित हो गई और काम पर लौट आये। गुरुवार से सफाई कर्मचारियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये थे, सीएमओ द्वारा धरना स्थल पर जा कर कई बार उनको समझाया भी था लेकिन अपनी मांगों को लेकर टस से मस नहीं हो रहे थे, इसी बीच सीएमओ देवेंद्र वत्स ने ऑफिस के कर्मचारियों नगर की सफाई शुरू करवाई साथ ही स्वयं ने भी झाडू हाथ में लेकर नगर की सफाई के लिए मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार के खत्म होने के बाद बाजार का कचरा अपने कर्मचारी वा पार्षदों के साथ मिलकर सफाई अभियान में जुट गये इस कार्य में नगर के लोगों का सहयोग भी मिला इसी बीच सफाई कर्मचारीयो से भी वार्ता जारी थी लेकिन नगर में सड़कों पर कचरा ना रहे ये भी प्राथमिकता थी इसीलिए अपने कर्मचारियों पार्षदों के साथ सफाई अभियान शुरू किया जिसका परिणाम सार्थक सिद्ध हुआ और सफाई कर्मचारी बुधवार को अपने काम पर लौट आए।

## 10 श्रमिकों को सौंपे 21 लाख के स्वीकृति पत्र



**खिलचीपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश में 7227 श्रमिक परिवारों को 160 करोड़ राशि अंतरित की गई। इसी क्रम में जनपद पंचायत खिलचीपुर में विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा 10 श्रमिकों को 21 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत ऑन कॉल सफाई हेतु स्वच्छता मित्र को सफाई कीट भी वितरण की गई। कार्यक्रम में विधायक दांगी, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील नैनावत, देवेंद्र गौड़ जिला महामंत्री किसान मोर्चा, अजय साहू जिला सह संयोजक, गिरीश सोनी मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, संजय भिलाला अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधिगण,सरपंचगण उपस्थित रहे।

### जिला जेल में शुरू हुआ सात दिवसीय प्रशिक्षण

# बंदियों को दे रहे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण ताकि जिएं बेहतर जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

विभिन्न अपराधों के चलते जेल में सजा काट रहे बंदियों के लिए सेवा भारती संस्था ने अभिनव प्रयास करते हुए 07 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की शुरूआत की है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्धेश्य इन बंदियों के जेल से छूटने के उपरान्त उन्हें स्वावलंबी बनाना है ताकि वे अपराध की दुनिया को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। सेवा भारतीय जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, सचिव मार्तण्ड सिंह सौलंकी, मुख्य प्रशिक्षक श्री बलराम, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र विजय सहित अन्य ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस बंदियों को कई महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। उन्हें समझाया गया कि जेल से सजा काटने के उपरान्त आम व्यक्तियों की तरह जीवन जीते हुए संभ्रांत नागरिक की तरह अपने और अपने परिवार का दायित्व उठाएं।

### कई तरह के दिए जाएंगे प्रशिक्षण

सात दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को इलेक्ट्रिक झालर बनाना, मोटर वाइंडिंग सहित इसी तरह के अन्य कार्य सिखाए जाएंगे। जेल अधीक्षक आलोक बाजपेयी, जेल चिकित्सक दीपक सोनी, जेल शिक्षक लखन सिंह, मुख्य प्रहरी अमर सिंह सौलंकी उपस्थित थे।

### गांधी सागर क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य, जल पर्यावरण व जैव विविधता के संरक्षण पर जानकारी ली

# छात्रों ने किया इतिहास, सांस्कृतिक और पर्यावरण का अध्ययन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छापीहेड़ा

दरियापुर शासकीय हाई स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025 -26 का शैक्षणिक भ्रमण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों से बाहर निकाल कर प्रत्यक्ष रूप से इतिहास संस्कृति प्रकृति और अध्यात्म को समझने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के तहत छात्र-छात्राओं ने गांधी सागर ,सांवरिया सेठ मंदिर चित्तौड़गढ़ दुर्ग जौहर कुंड रानी पद्मिनी महल, संग्रहालय, रानी पद्मिनी तालाब रानी का झरोखा एवं महाभारत कालीन धर्मराजेश्वर मंदिर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया विशेष रूप से चित्तौड़गढ़ दुर्ग में विद्यार्थियों ने मेवाड़ की वीर गाथा जोहर की परंपरा तथा किले की भव्य स्थापत्य कला को करीब से समझा।

संग्रहालय में दुर्लभ मूर्ति कला प्राचीन हथियारों और लोक संस्कृति से जुड़े संसाधनों ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया । इस मंदिर का निर्माण एक ही चट्टान से किया गया हैस वर्तमान समय में मंदिर के ऊपरी भाग पर भगवान विष्णु की प्रतिमा तथा मंदिर के स्थल पर शिवलिंग के दर्शन होते हैं! महाभारत कालीन इस मंदिर में भीम की लेटी हुई प्रतिमा भीम बाजार तथा बौद्ध गुफाएं देखकर छात्र-छात्राएं देखकर बड़े आश्चर्य चकित हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री श्याम बिहारी कौशिक एवं शिक्षक दिनेश विशालिया अरुण दांगी हेमंत सोनी बने सिंह दांगी शिक्षिका तृप्ति वैद्य के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम उत्साह पूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ छात्रों ने इस भ्रमण के माध्यम से इतिहास संस्कृति भूगोल और पर्यावरण के प्रति नई दृष्टि विकसित की तथा राष्ट्र की धरोहरों को सुरक्षित रखने की प्रेरणा प्राप्त की।

## विवेकानंद एकेडमी व सिस्टर निवेदिता के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



**ब्यावरा।** 12 और 13 दिसम्बर को विवेकानंद एकेडमी एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स सीनियर सेंकडरी स्कूल ब्यावरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल मांडवगढ़, महेश्वर, ओंकारेश्वर का भ्रमण विद्यालय द्वारा कराया गया। भ्रमण में छात्र, छात्राओं ने मांडवगढ़ में स्थित जहाज महल, रानी रूपमती महल, रेवा कुंड आदि एवं महेश्वर में देवीअहिल्या बाई होलकर के किले एवं उस समय के प्राचीन संग्रहालय एवं माँ नर्मदा में स्नान का आनंद लिया साथ ही ओमकारेश्वर ज्योतिलिंग के दर्शन किए इन भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों द्वारा ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक स्मारकों का निकटता से अवलोकन किया एवं दो दिवसीय टूर का आनंद लिया।

## बाल विवाह रोकने संबंधी जागरुकता व कॉलेज चलो अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकने संबंधी जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा शपथ दिलवाकर समाज में फैल रहे बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रेरित किया गया। बाल विवाह के प्रथा को खत्म करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने एवं अभियान के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बाल विवाह उन्मूलन हेतु जन जागरूकता को अधिक सशक्त बनाने हेतु पूरे देश में 100 दिनों का इंटेंसिव थीम वाला अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चलाया जाना है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ममता खोईया के द्वारा भी बाल विवाह रोकने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा शपथ दिलवाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। आज के दिन कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ. विमल लोदवाल के द्वारा भी बाल विवाह के रोकथाम के साथ कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय मॉडल स्कूल सारंगपुर में जाकर कॉलेज चलो अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। प्रो. संगीता गुप्ता के द्वारा भी कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षा नीति को विस्तार से छात्र-छात्राओं को समझाया गया। मॉडल स्कूल की प्राचार्य बबीता मिश्रा द्वारा भी हम सभी को बहुत सहयोग प्रदान किया गया और इसके साथ-साथ कॉलेज चलो अभियान में अपने छात्र-छात्राओं को मोटिवेशन किया।